हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 6 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 40 .8 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

14 शर्मनाक: कुत्तों का शिकार बन रहा है राष्ट्रीय पक्षी मोर, क्षेत्र में विलुप्त होने...



14 रोटरी क्लब अंबाला की ओर से लगाए शिविर में 70 ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाप बेटी गंभीर रूप से हुए घायल

**रादौर।** रादौर के बपौली चौक के नजदीक दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने की टक्कर में बाप बेटी गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। जहां से बेटी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल यमुनानगर के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने घायलों के ब्यान लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव बापा निवासी बलजीत सिंह शाम चार बजे के करीब अपनी बेटी कुलजीत कौर के साथ रादौर से मोटरसाइकिल पर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में जब वह सत्संग भवन के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।

### साइबर ठगों ने महिला से ठगे 1 लाख 88 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा करवाने के नाम पर विशाल नगर निवासी निधि भारद्वाज से एक लाख 88 हजार रुपए ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की विशाल नगर निवासी निधि भारद्वाज ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जून को शाम साढ़े सात बजे उसके मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गई। जहां पर इन्वेस्टमेंट के संबंध में बातचीत चल रही थी। इस दौरान आरोपियों ने मैसेज के माध्यम से उससे बातचीत करनी शुरू कर दी।

### जेल में विचाराधीन कैदी की मौत

**पानीपत।** पानीपत जेल में एक साल से बंद अपराधिक केस में विचाराधीन कैदी 50 वर्षीय हलवाई रोहताश की कथित रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। रोहताश पानीपत के धारीवाल चौक, गुड़मंडी का निवासी था। रोहताश पर उसकी पुत्रबहू ने केस दर्ज करवाया था। इधर, पुलिस की जांच में पाता चला कि एक साल के अंदर उनकी पत्नी व बेटे की भी मौत हो चुकी है।

### पेट्रोल पंप संचालकों को सचेत किया

**इसराना।** पानीपत के इसराना ब्लॉक की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए थाना इसराना के प्रभारी हरिराम ने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। वहीं, बैठक में थानेदार हरिराम ने पंपों पर सभी संचालकों को सीसीटीवी कैमरे लगाने, कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने, पंप पर कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी का सत्यापन कराने, पंप जरूरत के अनुसार ही नगदी रखने आदि की सलाह दी।

## जाट धर्मशाला में 36 बिरादरी मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

### शिक्षा, प्रतिभा और समाजिक जागरुकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र द्वारा भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं के सम्मान में भव्य /"प्रतिभा सम्मान समारोह/" आयोजित किया गया। समारोह में समाज की 36 बिरादरी के मेधावी विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित कर शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा पुलिस के आईजी पंकज नैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. चित्रलेखा शर्मा, डॉ. सतबीर कादियान, रेशम सिंह, संत गोपाल दास, दिल्ली फ्लाइंग क्लब के डायरेक्टर अनिल शर्मा, दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. धर्मपाल भारद्वाज, जय हिंद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा तथा पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल शामिल रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि समाज की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का माध्यम भी है। उन्होंने शिक्षा, शोध और नवाचार को विकसित भारत की मजबूत नींव बताते हुए समाज से मेधावी विद्यार्थियों का निरंतर उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया।



कुरुक्षेत्र। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

#### इन मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

समारोह में संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले स्वाति आर्य (रैंक 366), शगुन मेहरा (रैंक 618), निकिता वर्मा (रैंक 30), एकांश ढुल (रैंक 3), अध्ययन बाजपेयी (रैंक 414), सिमरनजीत कौर (रैंक 15), अनन्य राणा (रैंक 60) और जयंत गर्ग (रैंक 64) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा भूवैज्ञानिक अभिनव पुनिया, अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सोनल नैन, विश्व बैंक में कार्यरत भारतीय अर्थशास्त्री गरिमा नैन तथा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की साइंटिफिक ऑफिसर प्रियंका चहल को भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

#### दीनबंधु सर छोटूराम लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन

इस अवसर पर रहबरे आजम दीनबंधु सर छोटूराम लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। अतिथियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करना संस्था की गौरवशाली परंपरा है।

### करनाल में अब रासायनिक कचरे पर भी उठे सवाल

## 17 साल से बिना फायर एनओसी चल रही थी पेस्टीसाइड फैक्ट्री

*आग की घटना के बाद खुली कई परतें, किसान ने फसल और जमीन खराब करने का लगाया आरोप, जांच तेज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरठ रोड स्थित श्रीराम एग्रो पेस्टीसाइड फैक्ट्री में शनिवार को लगी भीषण आग के बाद फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े कई गंभीर सवाल सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि करीब 17 वर्षों से संचालित इस फैक्ट्री के पास फायर ब्रिगेड की अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं थी। दूसरी ओर, अंधेड़ा क्षेत्र स्थित कंपनी की मुख्य यूनिट से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट को लेकर किसानों ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि फैक्ट्री का केमिकल खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिससे फसल और जमीन दोनों को नुकसान पहुंच रहा है। शनिवार को भाजपा नेता एवं हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सतीश गुप्ता की श्रीराम एग्रो फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई थी। आग इतनी भयावह थी कि कई किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा और विधायक जगमोहन आनंद मौके पर पहुंचे तथा हालात का जायजा लिया। फैक्ट्री में रखे केमिकल के ड्रम समय रहते बाहर निकाल लिए गए, लेकिन अंदर रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।



करनाल। फैक्ट्री के बाहर खेतों के पास दिखाई दे रहे रासायनिक अपशिष्ट के निशान और फसल।

#### 17 साल से नहीं थी फायर एनओसी

आग के बाद हुई जांच में सामने आया कि फैक्ट्री के पास फायर विभाग की एनओसी नहीं थी। हालांकि फैक्ट्री परिसर में अग्निशमन सिलेंडर और फायर हाइड्रेंट सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं मौजूद थीं, लेकिन आग के दौरान ये पर्याप्त साबित नहीं हुईं। फैक्ट्री में करीब 250 कर्मचारी कार्यरत हैं। अब फायर विभाग इस पूरे मामले की जांच कर रहा है कि बिना एनओसी के इतने वर्षों तक फैक्ट्री का संचालन कैसे होता रहा।

#### किसान ने लगाया रासायनिक कचरा छोड़ने का आरोप

गांव अंधेड़ा निवासी किसान अंशुल लाठर ने आरोप लगाया है कि कंपनी की मुख्य यूनिट से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट को जानबूझकर खेतों में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 11 जून को एसपी करनाल, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मुख्यमंत्री विंडो पर शिकायत भी दी थी। शिकायत में कहा गया कि रासायनिक अपशिष्ट से जमीन की उर्वरता प्रभावित हो रही है, फसलें खराब हो रही हैं और खेतों में केमिकल साफ दिखाई देता है। अंशुल लाठर का कहना है कि प्रदूषण के कारण खेत का ट्यूबवेल का पानी भी पीने योग्य नहीं रहा। उनकी गेहूं की फसल को भी भारी नुकसान हुआ।

#### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

किसान ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि इससे पहले भी कई बार इसी तरह की शिकायतें की गई थीं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने भी अलग से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक न तो मुआवजा मिला और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई।

#### प्रशासन से ये की मांग

किसान ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, रासायनिक कचरे की वैज्ञानिक जांच, प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई, खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने तथा खेतों के पानी की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। आग की घटना के बाद अब फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरणीय नियमों के पालन पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, इन आरोपों पर फैक्ट्री प्रबंधन अथवा भाजपा नेता सतीश गुप्ता की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। दूसरी और फायर अधिकारियों का कहना है की फैक्ट्री मालिक के पास एनओसी नहीं थी जांच की जा रही है कुछ दिन बाद इनको नोटिस जारी किया जाएगा उसके बाद फैक्ट्री मालिक का जवाब आने के बाद अगलीकारवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में बच्चों के साथ धरने पर बैटे कर्मी

### लंबित वेतन को लेकर किया प्रदर्शन



शाहबाद। अपने परिजनों और छोटे बच्चों के साथ धरनास्थल बैठे कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में तीन माह से लंबित वेतन को लेकर चिकित्सकों और कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। अवकाश होने के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने परिजनों और छोटे बच्चों के साथ धरनास्थल पर पहुंचे तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। कर्मचारी संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि जब तक तीन माह का बकाया वेतन कर्मचारियों के बैंक खातों में नहीं पहुंचता और उनकी अन्य मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रविवार सुबह धरनास्थल पर उस समय नया घटनाक्रम सामने आया जब संस्थान के सीईओ डॉ. संदीप इंदर सिंह चीमा कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि मीरी-पीरी कर्मचारी संघर्ष समिति के शांतिपूर्ण आंदोलन का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

#### मंगलवार को कुरुक्षेत्र मुख्यालय पर देंगे धरना

रविवार को मीरी-पीरी कर्मचारी संघर्ष समिति ने एचएसजीएमसी अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा को पत्र भेजकर 48 घंटे के भीतर विशेष आपातकालीन बैठक बुलाने की मांग की। पत्र में कहा गया है कि तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

#### एसजीपीसी अपनी जिम्मेदारी से न भागे

एचएसजीएमसी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने शाहाबाद स्थित मीरी-पीरी संस्थान के कर्मचारियों के वेतन संकट पर स्पष्ट किया कि संस्थान के कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। झींडा ने कहा कुछ महीने पहले माननीय अदालत ने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पक्ष में फैसला सुनाया था. लेकिन एसजीपीसी ने इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दे दी है, जिसकी अगली सुनवाई 27 जुलाई 2026 को तय है।

## दिव्यांगों का पालन पोषण करना पुण्य कार्य : ढांडा

**पानीपत।** जन सेवा संस्थान सौदापुर असंध रोड में द्वितीय वार्षिक समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आर्य समाज के राजकुमार शर्मा द्वारा हवन कराया गया। जबकि सनातन धर्म संगठन द्वारा सुंदरकांड का पाठ वेद प्रकाश शर्मा और उनकी टीम द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा की नर सेवा नारायण सेवा है। यह सेवा पानीपत वासी इस आश्रम के मार्फत कर रहे हैं। ऐसी सेवा हो नहीं सकती। उन्होंने आश्वासन दिया कि जन सेवा संस्थान और स्वामी परमानंद महाराज के निर्देशों का वे मंत्री के रूप में पालन करेंगे। जबकि सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा कि आश्रम में चल रही गतिविधियों की जमकर सरहाना की। इधर, संस्थान के चेयरमैन रामनिवास गुप्ता ने कहा जिनका कोई नहीं है उसके लिए समाज का दायित्व बनता है ऐसे दिव्यांग मंदबुद्धि लोगों की सेवा करें। संस्थान के प्रधान सतीश गोयल ने कहा कि 195 से अधिक लोग यहां रह रहे हैं।



पीएनपी। जन सेवा संस्थान मे मंत्री महीपाल ढांडा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए स्वामी परमानंद, आदि।

## मृतक महिला को जिंदा दिखाकर करवाई प्लाट की रजिस्ट्री

**अंबाला।** शाहपुर गांव के पूर्व सरपंच ने दो लोगों पर स्वर्गवासी माता के नाम पर बनी पुरानी पॉवर ऑफ अटॉर्नी का गलत इस्तेमाल कर लाखों रुपये मूल्य की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उन्हें इस फर्जीवाड़े की भनक लगी तो आरोपी पक्ष के अनिल कुमार से बात तो वह उनसे गाली-गलौच करने लगा। उसने उन्हें धमकाते हुए कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। में पूरे परिवार को मरवा दूंगा। पड़ाव थाना पुलिस ने पूर्व सरपंच की शिकायत पर गुरमीत सिंह व राधिका किरौला पर धोखाधड़ी, जालसाजी व फर्जी दस्तावेज तैयार करने के के आरोप में केस दर्ज किया है। पूर्व सरपंच रविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी माता कुलदीप कौर के नाम गांव में खेती बाड़ी की जमीन थी। वर्ष 2011 में अंबाला कैंट के पालम विहार के गुरमीत सिंह व नन्हेड़ा के मिलाप नगर की राधिका किरौला ने मिलीभगत कर उनकी माता के नाम से एक पॉवर ऑफ अटॉर्नी नंबर 583 अपने नाम करवा ली थी। 26 फरवरी 2019 को कुलदीप कौर की मृत्यु हो गई। इसके बाद कानूनन वह पॉवर ऑफ अटॉर्नी अपने आप रद्द हो गई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने शातिराना ढंग से मृतका को कागजों में जिंदा दिखाया और मौत के करीब 4 महीने बाद 2 जुलाई 2019 को 128 वर्ग गज जमीन की फर्जी रजिस्ट्री आरोपी राधिका किरौला के नाम करवा दी। इस फर्जी खरीद-फरोख्त की कीमत कागजों में 3 लाख 92 हजार 800 रुपये दर्शाई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा।

## नकाबपोश बदमाशों ने गन प्वाइंट पर ज्वेलर्स से छीना नकदी से भरा बैग

- पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर के मुख्य बाजार स्थित शाकुंभरी ज्वेलर्स के संचालक अमित गुप्ता से देर शाम बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर नकदी से भरा बैग लूट लिया। थाना रादौर पुलिस ने अज्ञात तीन नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घटना पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैए जिसके आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान करने और उनके फरार होने के रूट का पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार अमित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बैग में करीब साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी के अलावा तिजोरी और लॉकर की चाबियां रखी हुई थीं। दुकान के बाहर खड़े होने के दौरान कमेटी चौक की ओर से एक मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश युवक पहुंचे। बाइक से उतरे दो बदमाशों ने पहले बैग देने के लिए कहा। विरोध करने पर एक आरोपी ने पिस्तौल की बट से उनके सिर पर वार कर दियाए जबकि दूसरे ने बैग छीन लिया। वारदात के बाद तीनों आरोपी बाइक पर सवार होकर रावल चौक की ओर फरार हो गए। हमले में घायल अमित गुप्ता को आसपास के लोगों ने रादौर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया गया। मेडिकल रिपोर्ट में सिर पर चोट की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि लूट की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। जांच टीम फुटेज की फ्रेम.दर.फ्रेम पड़ताल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

#### पुलिस अधिकारी बोले की बदमाशों की तलाश जारी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की उम्मीद है।

### चार साल बीतने के बाद भी पति इंतजार ही करता रह गया

## ऑस्ट्रेलिया गई पत्नी, लौटने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंटरकास्ट मैरिज के बाद पत्नी के साथ विदेश में नई जिंदगी बसाने का सपना देखने वाले हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले संजीव कुमार की जिंदगी 4 साल में पूरी तरह बदल गई। मैरिज के सिर्फ एक महीने बाद ही उसकी उसकी नवविवाहित पत्नी ऑस्ट्रेलिया चली गई। जाते समय उसने जल्द स्पॉन्सर भेजकर अपने पास बुलाने का भरोसा दिया था। मगर, चार साल बीतने के बाद भी वह इंतजार ही करता रह गया। इस इंतजार में उसकी बेकरी तक बिक गई। उस पर करीब 34 लाख रुपए का कर्ज चढ़ गया और परिवार आर्थिक संकट में टूट गया। इस तनाव में उसके पिता भी चल बसे। वह प्रत्येक माह डेढ़ लाख रुपए की किस्त भरने को मजबूर है। उधर, अब पत्नी ने उसके साथ रहने और उसे ऑस्ट्रेलिया बुलाने से मना कर दिया। यहां तक की उसका मैरिज रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल करा दिया। मन मारकर संजीव ने उसके खिलाफ ऑस्ट्रेलिया एंबेसी को शिकायत कर दी है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में कोर्ट में मामला दायर करने के लिए याचिका डाली है। कुरुक्षेत्र के पिहोवा निवासी संजीव ने बताया कि उसकी शादी 30 अक्टूबर 2022 को पास के गांव की युवती से हुई थी। दोनों परिवार की मर्जी से उनकी इंटरकास्ट मैरिज हुई थी। शादी के बाद दोनों ने करीब एक महीना साथ बिताया। वह पत्नी को हनीमून पर शिमला और अमृतसर भी लेकर गया। संजीव के मुताबिक, उसकी पत्नी ग्रेजुएट है।

#### कर्ज लेकर पत्नी को आस्ट्रेलिया भेजा

संजीव के मुताबिक, उसने भरोसा कर दिसंबर 2022 में पत्नी को सिडनी भेज दिया। इसके लिए अपनी बेकरी बेच दी और करीब 22 लाख रुपए ब्याज पर उधार लिए। उसे उम्मीद थी कि पत्नी जल्द स्पॉन्सर भेजेगी और वह भी ऑस्ट्रेलिया पहुंच जाएगा। संजीव ने आरोप लगाते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद पत्नी हर बार उसे बुलाने का भरोसा देती रही, लेकिन एक साल तक कोई स्पॉन्सर नहीं भेजा। इसी बीच उसे पता चला कि उसकी पत्नी को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए उसे डॉक्यूमेंट में अनमैरिड दिखाया गया, जबकि उनकी शादी पहले ही रजिस्टर्ड हो चुकी थी। पत्नी को विदेश भेजने के लिए लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता गया।

#### एंबेसी में शिकायत भेजी

संजीव ने बताया कि उसने ऑस्ट्रेलियाई एंबेसी में शिकायत भेजी है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में कोर्ट में मामला दायर करने के लिए याचिका डाली है। अब वह जल्द ही कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत देगा। उसकी मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और उसके खर्च किए गए रुपए वापस दिलाए जाएं।

## रंजिश के चलते युवक पर तलवारों से किया हमला

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर वन में बिजली की दुकान पर एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों को नामजद करते हुए एक अन्य अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायत के बाद घायल की एक्सरे रिपोर्ट और चिकित्सकीय राय मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज की। गांव मानकपुर वन निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत शाम करीब सात बजे वह अपनी बिजली की लाइट लेने के लिए दुकान पर गया था। इसी दौरान दूसरी बिजली की दुकान पर मौजूद शगुन, प्रियांसु, हर्ष, नवजोत व एक अन्य युवक उससे झगड़ा करने लगे। आरोप है कि कुछ देर बाद सभी आरोपी हाथों में तलवार लेकर उसके पास पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से हमला किया और बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं आरोपी उसकी कार के पीछे भी दौड़े। घायल का कहना है कि उसे भविष्य में भी आरोपियों से जान का खतरा है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपियों के साथ पहले भी आपसी विवाद रह चुका है।

**खबर संक्षेप**

## एसआईआर महत्वपूर्ण कार्य : डॉ रमन गुप्ता

इंद्री। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंद्री-20 विस निर्वाचन क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को त्रुटिहीन और समय पर पूरा करने में आमजन सहयोग दे। एसडीएम ने क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रधान, सचिव, प्रतिनिधियों, बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट), बीएलए-2 सहित आम जनता को सूचित करते हुए कहा कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को इस कार्यक्रम की समीक्षा तथा वोट संबंधी आवश्यक जानकारी जुटाने व गणना प्रपत्र भरने का विशेष कार्य किया जाना है। सभी संबंधित प्रतिनिधि और नागरिक अपने-अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क स्थापित करें। मतदाता सूची को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए सभी नागरिक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने बी.एल.ओ. का पूरा सहयोग करें।

### नीलोखेड़ी उत्सव को लेकर मंथन शुरू, नपा की अगुवाई में होगा कार्यक्रम

# इतिहास, संस्कृति और विकास का महाकुंभ बनेगा 'नीलोखेड़ी उत्सव'

■ सोमवार को सभी पार्षदों के साथ विस्तृत योजना बैठक बुलाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीलोखेड़ी/करनाल



करनाल। नीलोखेड़ी उत्सव को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा करते सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी।

नीलोखेड़ी के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा को नई पहचान देने के उद्देश्य से प्रस्तावित 'नीलोखेड़ी उत्सव' के आयोजन को लेकर रविवार को हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान की पहल पर हुई बैठक में उत्सव का आयोजन नगर पालिका को केंद्र में रखकर करने पर सहमति बनी। साथ ही सोमवार को सभी पार्षदों के साथ विस्तृत योजना बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। डॉ. चौहान ने कहा कि यह उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि नीलोखेड़ी की पहचान, सामाजिक समरसता और विकास यात्रा को नई दिशा देने वाला जनोत्सव बनेगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### चतंग नदी पर हुई चर्चा

बैठक में चतंग (दृषद्वती) नदी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. चौहान ने बताया कि नदी संरक्षण के लिए सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड को विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया है। बैठक के बाद उन्होंने नगर पालिका टीम के साथ नदी क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई, घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि चतंग के किनारों का विकास किया जाता है तो यह शहर की विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन और सौंदर्य का भी नया केंद्र बनेगा। बैठक में मार्केट कमेटी चेयरमैन शिवनाथ कपूर, भाजपा नेता सतनाम सिंह आहूजा, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष बलकार सैनी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्सव को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

**न्यूज डायरी**




### लंगर सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : हरविंद्र कल्याण

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लंगर सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी में सेवा भावना के संस्कार विकसित होते हैं। वह रविवार को रेलवे स्टेशन पर डेरा कार सेवा करनाल एवं समूह साध संगत की ओर से अमृतसर से हजूर साहिब नांदेड़ जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस में श्रद्धालुओं के लिए शुरू की गई लंगर सेवा के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करनाल सेवा कार्यों के लिए हमेशा अग्रणी रहा है और यह पहल पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है।




### तरक्की के लिए गांव में सद्भाव व भाईचारा जरूरी

घरोंडा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि तरक्की के लिए गांव में सद्भाव व भाईचारा होना जरूरी है। यह स्वस्थ, प्रगतिशील और शांतिपूर्ण समाज की नींव होते हैं। पार्टीबाजी से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करते हुए सामूहिक विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए। श्री कल्याण आज गांव ऊंचा समाना में सैनी चौपाल का शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनका पुष्प गुच्छ देकर, पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सैनी चौपाल के लिए पक्का पुल धाम कमेटी की ओर से 26 लाख एक हजार रुपये दी गई है।



### वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुआ भोलेनाथ का अभिषेक

करनाल। सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में रविवार सुबह भगवान भोलेनाथ का सामूहिक पंचामृत अभिषेक श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक कर हर-हर महादेव के जयघोष लगाए। पंडित अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शास्त्रोक्त विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक और पुष्प श्रृंगार कराया। इसके बाद शिव स्तुति, रुद्राष्टक और पंचाक्षरी मंगलम का सामूहिक पाठ किया गया। भजन संध्या में वीणा सेठ, सुशील मदान, संगीता बत्रा, वीना ग्रोवर और सुनीता कथुरिया ने शिव एवं राम भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अतुल सुधा, अशोक मदान, सुनैना मदान, वेद दुआ, सरोज दुआ, मुरारी बत्रा, चंद्र बत्रा, अनिल छाबड़ा, रविंद्र बत्रा, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, संतोष, सर्वेश तथा नीरज कपूर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गांव सग्गा की बेटी मुकुल राणा का सीमा बल में सिपाही के पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। गांव पहुंची मुकुल राणा का भव्य स्वागत करते कोच गणमान्य लोग।

गांव सग्गा की बेटी मुकुल राणा ने सीमा बल में कांस्टेबल (सिपाही) के पद पर चयनित होकर अपने परिवार, गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। मुकुल की यह सफलता आज क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। एसएसबी में चयन के बाद जब मुकुल राणा अपने गांव सग्गा पहुंचीं तो ग्रामीणों, युवाओं और उनके साइकिलिंग कोच ने फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला और लोगों ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। 24 वर्षीय मुकुल राणा साइकिलिंग में कई बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी जारी रखी। मुकुल के पिता ऋ षिपाल एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि मुकुल बचपन से ही देश सेवा का सपना देखती थी। कोच कृष्ण ने कहा कि मुकुल की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। मुकुल ने खेल और अनुशासन को अपनाकर साबित किया है कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



### श्रेष्ठ विचार ही जीवन को वरदान बनाते हैं : साध्वी एकता भारती

करनाल। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शिव चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में संस्थान के संस्थापक सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी एकता भारती ने कहा कि मनुष्य का उत्थान या पतन उसकी सोच, आचरण और संस्कारों पर निर्भर करता है। उन्होंने रामचरितमानस और श्रीमद्भागवत पुराण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिरण्यकशिपु, रावण, कुंभकरण और मेघनाथ जैसे पात्रों ने वरदान प्राप्त होने के बावजूद अपने दुराचार से उन्हें अभिशाप में बदल दिया। वहीं राजा परीक्षित और भक्त भरत ने विपरीत परिस्थितियों और अभिशाप को भी अपने सद्गुणों से मोक्ष और प्रेरणा का माध्यम बना दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति परिस्थितियों का नहीं, बल्कि अपने विचारों और कर्मों का निर्माण होता है। इसलिए हर व्यक्ति को बाहरी परिस्थितियों को बदलने की बजाय स्वयं को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। यही जीवन की सबसे बड़ी साधना है।



### योग से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है : दिनेश गुलाटी

गुरुग्राम। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने कहा कि वर्तमान समय में लोग शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहे हैं। इसी कारण तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। गुरुग्राम में आयोजित एक दिवसीय योग शिविर में उन्होंने प्रतिभागियों को सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और योग के वैज्ञानिक लाभों की जानकारी दी।



### मंदिर में हुआ रतजगा का भव्य आयोजन, गूंजे जयकारे

तरावड़ी। श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर में रतजगा का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम पंडित आचार्य शुभम शास्त्री जी के सान्निध्य में आयोजित किया गया, जिसमें जगत कल्याण एवं नगर में सुख-शांति की कामना को लेकर पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। रतजगा के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

## महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विभिन्न सामाजिक धार्मिक व सम्मान समारोहों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को शहर में आयोजित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सम्मान समारोहों में भाग लेते हुए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त चेयरमैन का अभिनंदन किया, श्री खाटू श्याम संकीर्तन में बाबा के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की तथा हिंदू महा सम्मेलन में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। शिव कॉलोनी में आयोजित सम्मान समारोह में महापौर ने हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के नवनियुक्त चेयरमैन देवेंद्र पांचाल का अभिनंदन करते हुए उन्हें सफल एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग के हितों के लिए देवेंद्र पांचाल की प्रतिबद्धता और कार्यशैली उन्हें नई जिम्मेदारी तक लेकर आई है। उनके नेतृत्व में फेडरेशन श्रमिकों के कल्याण और विकास के लिए प्रभावी कार्य करेगा।

## एडीए स्क्रीनिंग परीक्षा में 6,028 अभ्यर्थी हुए शामिल, 5,876 रहे गैर हाजिर



करनाल। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) पद की स्क्रीनिंग परीक्षा रविवार को करनाल जिले के 39 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकल रहित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने 11,904 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की थी। इनमें से 6,028 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया, जबकि 5,876 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गुरु नानक खालसा कॉलेज, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के), गुरू हरि किशन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 तथा डीएवी पीजी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम एवं परीक्षा कक्षों का भी अवलोकन किया और सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा प्रबंधों तथा जैमर सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की।



### 12 को साहित्य उत्सव में 37 साहित्यकार होंगे सम्मानित

करनाल। सांझा साहित्य मंच करनाल की ओर से 12 जुलाई को रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मनोज गौतम सभागार में एक दिवसीय करनाल साहित्य उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के 37 साहित्यकारों को विभिन्न स्मृति साहित्य सम्मानों से सम्मानित किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष कृष्ण कुमार निर्माण और महासचिव सतविंदर राणा बाल ने बताया कि कार्यक्रम में युवा कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन और पुस्तक मेले का भी आयोजन होगा।

### प्रॉपर्टी आईडी के स्व-प्रमाणीकरण की अपील

करनाल। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र की करीब 1.72 लाख प्रॉपर्टी आईडी में से 73 हजार से अधिक का सफलतापूर्वक सेल्फ सर्टिफिकेशन किया जा चुका है। उन्होंने शेष संपत्ति मालिकों से भी जल्द अपनी प्रॉपर्टी आईडी का स्व-प्रमाणीकरण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि सेल्फ सर्टिफिकेशन के बाद प्रॉपर्टी आईडी लॉक हो जाती है, जिससे उसमें कोई भी अनधिकृत बदलाव नहीं किया जा सकता। इससे संपत्ति मालिकों के अधिकार सुरक्षित रहते हैं और रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी बनता है। निगमायुक्त ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए सभी वार्डों में विशेष शिविर भी लगाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी का स्व-प्रमाणीकरण कराया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रॉपर्टी आईडी में नाम, पता या अन्य जानकारी गलत दर्ज है तो संबंधित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर उसे ठीक कराया जा सकता है।

**घर बैठे ऐसे करें सेल्फ सर्टिफिकेशन**

- एनडीसी पोर्टल पर लॉगिन करें।
- दर्ज जानकारी जांचकर 'यस' विकल्प चुनें।
- आधार या परिवार पहचान पत्र नंबर दर्ज कर सबमिट करें।
- प्रक्रिया पूरी होते ही प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित हो जाएगी।

### विकास कार्यों में नहीं रहेगी कोई कमी



घरौंडा। नगरपालिका चेयरमैन व पार्षदों के चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद शहर के विकास कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्षदों संग की बैठक कर समुचित विकास, बिजली, पानी और सीवर जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कल्याण फार्म हाउस में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता और पार्षदों के साथ करीब दो घंटे तक विस्तृत बैठक की। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा शहर में करोड़ो रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की तैयारी लगभग हो चुकी है। जिसको शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। शनिवार की देर रात को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने पार्षदों के साथ बैठक कर शहर में विकास कार्यों को गति देने, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### 90 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



इंद्री। शहीद उधम सिंह समिति व कांबोज आवाज मंच द्वारा विर्क अस्पताल के सहयोग से गांव खेड़ा में फ्री मेडिकल चैकअप कैंप लगाया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पहुंचकर शारीरिक जांच कराई। इस कैंप में विर्क अस्पताल के डॉक्टरों ने 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाई वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद उधम सिंह समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह व कांबोज आवाज मंच के अध्यक्ष प्रदीप कांबोज ने की। इस मौके पर शहीद उधम सिंह समिति और नम्बरदार एसोसिएशन विचार मंच के अध्यक्ष मेहर सिंह ने कहा कि लोगों की मांग पर कांबोज आवाज मंच के साथ से फ्री मेडिकल कैंप विर्क अस्पताल करनाल के सहयोग से लगाया गया। उन्होंने कहा कि समाज में लाचार, विवश, बेबस एवं असहाय जनता भी है, जो धन और व्यवस्था के अभाव के चलते महंगे इलाज कराने में सक्षम नहीं है। ऐसे लोगों की मदद करने की इच्छा के चलते ही समिति और मंच ने इस कैंप का आयोजन किया है ।



### वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

करनाल। जिला पुलिस की सीआईए असंध टीम ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव राडा निवासी अजय कुमार तथा गांव सालवन निवासी सौरभ के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना असंध में वाहन चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस ने पहले अजय कुमार को गिरफ्तार कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी सौरभ का नाम बताया, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं।

**धार्मिक कार्यक्रम** विधायक ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज गुरु घर की रखी नींव

## श्री गुरु रविदास महाराज ने समाज को दिया समानता भाईचारे एवं और मानवता का संदेश : भगवानदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। भैणी खुर्द में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज गुरु घर की नींव रखते विधायक कबीरपंथी। फोटो : हरिभूमि

रविवार को विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने गांव भैणी खुर्द में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज गुरु घर की नींव रखकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संत-महात्माओं के सानिध्य में गुरबाणी का श्रवण किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक भगवानदास कबीरपंथी का गांव वालों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी के बीच धार्मिक वातावरण में गुरु घर की नींव रखी गई। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का यह गुरु घर भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में बनाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन संतों के आशीर्वचन एवं संगत की अरदास के साथ हुआ।

### ये भी बोले विधायक

विधायक ने कहा कि गुरु रविदास जी महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। हमें संत-महात्माओं के आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। विधायक कबीरपंथी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से संत गुरु रविदास जी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## वोट काटना नहीं, मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान एसआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने रविवार को लघु सचिवालय स्थित फार्म डिजिटलाइजेशन सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीसी ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं और उनका डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने-अपने बीएलओ को समय पर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएं ताकि मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य किसी पात्र मतदाता का नाम हटाना नहीं बल्कि डुप्लीकेट और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। डीसी ने बताया कि 14 जुलाई तक सत्यापन अभियान चलेगा। 21 जुलाई को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होगी, 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी और 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

- 14 जुलाई तक सत्यापन अभियान
- 21 जुलाई ड्राफ्ट मतदाता सूची
- 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे-आपत्तियां
- 22 सितंबर अंतिम मतदाता सूची

**डिजिटलाइजेशन केंद्र का निरीक्षण, 14 जुलाई तक घर-घर जाकर होगा सत्यापन**



## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों के गहने चोरी कर ले गए कारीगर

**पानीपत।** गीता कालोनी निवासी सचिन के घर का दरवाजा ठीक करने के बहाने आए दो शातिर चोर अलमारी का हिडन लॉकर तोड़कर सोने के आभूषण चुरा ले गए। चोरों ने बड़ी ही चालाकी से मकान मालिक सचिन की नजरों से बचकर अलमारी के गुप्त लॉकर को निशाना बनाया और छह लाख रूपये कीमत के सोने से बने जेवर चोरी कर ले गए। इधर, थाना सिटी पुलिस ने सचिन की शिकायत पर दो अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया और गली में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

### समालखा में घर से नकदी व जेवर चोरी

**समालखा।** गांधी कालोनी निवासी दंपति संदीप व निशा के घर से चोरों ने चार जुलाई को दिन में सोने की दो अंगूठियां, कानों की एक जोड़ी सोने की बाली, बच्चों के सोने के दो लॉकेट, चांदी की 1 चेन व साथ में रखे 21 हजार रूपये चोरी कर लिए। घटना के समय संदीप व निशा अपनी नौकरियों पर गए थे। इधर, निशा की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया, वहीं एफएसएल की टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

### युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने समालखा क्षेत्र के हथवाला गांव में युवक रिंकू पर फायरिंग कर जानलेवा हमला व मारपीट करने मामले में शनिवार को दो और आरोपियों हथवाला निवासी मनोज व विशाल को गिरफ्तार किया। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने नौ साथी आरोपियों के साथ वारदात करना कबूला है। जानलेवा हमले का यह केस थाना समालखा में हथवाला गांव निवासी रिंकू की शिकायत पर दर्ज है।

### स्नेचिंग का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** दिल्ली पैरलल नहर बाइपास पर पैदल जा रहे दीपक नामक युवक से मारपीट कर नकदी छीनने के तीसरे आरोपी वधावाराम कॉलोनी निवासी लोकेश उर्फ अक्कू ने शनिवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। वहीं, आठ मरला चौकी पुलिस ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही छीनी गई नकदी बरामद करने का प्रयास करेगी। वहीं, इस मामले में दीपक निवासी कृष्णपुरा, मूल निवासी बरेली, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### भारतीय भाषा शिविर का शुभारंभ आज

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल, थर्मल कालोनी में सोमवार से एक सप्ताह के लिए भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य भव्या शर्मा ने बताया कि साप्ताहिक शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीय भाषाओं के महत्त्व एवं सरल शिक्षण विधाओं के बारे में बताया जाएगा।

# पानीपत में किसान भवन को लेकर गरमाई राजनीति

**महापंचायत में किसान भवन का अध्यक्ष पद से निलंबित**

- भवन पर कब्जे के षडयंत्र की जांच को कमेटी बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में किसानों के संघर्ष का प्रतीक किसान भवन के मालिकाना हक और उसके गुप्त पंजीकरण को लेकर किसान राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। रविवार को भाकियू के तत्वावधान में जिलेभर के किसान संगठनों और प्रतिनिधियों की महापंचायत हुई। वहीं, महापंचायत की अध्यक्षता कवि गांव निवासी किसान नेता उजाला सिंह बैनीवाल ने की। जबकि महापंचायत में किसान भवन पर कथित कब्जे के प्रयासों पर कड़ा रोष जताया। महापंचायत ने सर्वसम्मति से बड़ा फैसला लेते हुए किसान भवन के वर्तमान प्रधान दिलबाग बिंझौल को पद से निलंबित कर करने की घोषणा की। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने कठोर परिश्रम कर किसान भवन बनाया था, जिसे पूरा किसान समाज अपनी साझा विरासत और आस्था का केंद्र मानता है। वहीं, कुछ लोग किसान भवन में कब्जे की चेष्टा कर रहे है।



**पानीपत।** किसान भवन में एकता के नारे लगाते हुए किसान नेता। *फोटो : हरिभूमि*

पंचायत में आरोप लगाया गया कि बिना किसी आम सभा की लिखित स्वीकृति और बिना आम किसानों को विश्वास में लिए, बेहद गुप्त तरीके से किसान भवन का नया रजिस्ट्रेशन करवा लिया गया है। इस षडयंत्र के लिए किसान भवन के वर्तमान प्रधान दिलबाग बिंझौल के अलावा इनेलो नेता निशान मलिक उग्राखेडी, पूर्व चेयरमैन रामकुंवार खोतपुरा, राजेंद्र (इसराना), रणधीर नैन और रणबीर गुलिया आदि को जिम्मेदार ठहराया गया है। वहीं, महापंचायत में आरोपियों को भी बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। महापंचायत ने उपरोक्त से 14 जुलाई तक स्पष्टीकरण मांगा है, साथ ही पूरे मामले की बारीकी से निष्पक्ष जांच करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाने के लिए सात सदस्यीय अनुशासन समिति का गठन किया गया है। जिसमें किसान भवन के पूर्व प्रधानों सुरेश दहिया, चूहड़ सिंह रावल, सूरजभान रावल, देवी सिंह महावटी, राजबीर मलिक सीक, आजाद वैरागी को शामिल किया गया है।

इन सभी नामजद आरोपियों को इस कमेटी के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखना होगा। वहीं, आरोपियों को चेतावनी दी गई है यदि 14 जुलाई तक उन्होंने कमेटी के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखा तो 15 जुलाई को किसान भवन जिला स्तरीय किसानों की महापंचायत बुला कर कथित कब्जे को छुड़ाने व आरोपियों के सामाजिक व कानूनी बहिष्कार को लेकर अंतिम व कठोर निर्णय लिए जाएंगे।

# जन सेवा दल ने निर्धनों को सहायतार्थ राशन बांटा



जन सेवा दल में जरूरमंदों को राशन बांटते हुए समाजसेवी ओपी माटा, आदि।

**पानीपत।** पानीपत में हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास की अध्यक्षता में आयोजित सेवा समारोह में जन सेवा दल द्वारा रविवार को जरूरतमंद परिवारों को मासिक राशन वितरित किया। इस सेवा में आटा, चावल, सरसों का तेल, दो किलो चीनी प्रदान की गई। इस अवसर पर मंच से राजेंद्र रत्न, ब्रह्मऋषि श्रीनाथ, किशोर आदि ने भक्ति प्रवचन प्रवाह से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समाजसेवी होटल डेज के मालिक ओम प्रकाश माटा, समाजसेवी अमित डूडेजा मुख्य अतिथि रहे। ओम प्रकाश माटा ने कहा कि यह समाज सेवा ही जीवन को पुण्य व सच्चा सुख प्रदान करती है। वहीं दशहरा कमेटी बरसत रोड के प्रधान भीम सचदेवा का रविवार को जन्मदिन होने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि हमें जन्मदिवस अपनी सनातन संस्कृति अनुसार मंदिरों में प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए, मिष्ठान भोग लगाकर मनाने की परंपरा को अपनाना चाहिए।

# जरूरतमंदों को मुफ्त चिकित्सा सेवा देना अत्यंत पुण्य का कार्य : नवीन

- आदर्श एक विश्वास सोसाइटी व इनर व्हील क्लब ने 90वां मेडिकल कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 90वें मेडिकल कैंप व नेत्र जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप का आयोजन आज श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर भाटिया कॉलोनी में किया गया। जिसमें 245 लोगों ने स्वास्थ सेवा का लाभ उठाया। मेडिकल कैंप में शहर के वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। जिनमें डा.संजय सेन फिजीशियन, डा.ओम प्रकाश हड्डी रोग, डा.वरुण गोगिया नेत्र रोग, डा.पारस सहगल फोटोथेरेप, डा. श्रेया मिड्ढा



आदर्श एक विश्वास के कैंप में महिला का स्वास्थ्य जांचते हुए डा.संजय सेन।

डायटिशियन और डा.अंकुर जैन लिवर रोग विशेषज्ञ शामिल रहे। मरीजों के लिए रैंडम ब्लड शुगर, रक्तचाप, पीएफ टी श्वास की जांच और फाइब्रॉस्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ज्योत्सना गर्ग व अनु कालरा ने कहा कि समाजसेवा का मूल मंत्र है नर सेवा ही नारायण सेवा है। समाज के एक अभिन्न अंग के रूप में यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के जरूरतमंदों की सहायता करें। प्रधान नवीन मुंजाल ने शिविर में आए सभी चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं और मंदिर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्वाति गोयल, सीमा बब्बर, अनिता बतरा, ज्योति रहेजा, सुरेंद्र

### चिकन के कारोबार में 34 लाख की ठगी का आरोप

**यमुनानगर।** चिकन सप्लाई के कारोबार में भरोसे का फायदा उठाकर सरस्वती नगर निवासी रणजीत मल्होत्रा के साथ एक व्यक्ति ने 34 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद हिमाचल प्रदेश के किन्नौर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरस्वती नगर निवासी रणजीत मल्होत्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सतपाल मल्होत्रा की फूड सप्लाई फर्म है। कारोबार का संचालन वह स्वयं करते हैं। उनकी फर्म हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश में भी चिकन की सप्लाई करती है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के गांव बांगिंग निवासी जॉनी वाकर से कारोबारी संबंध बने। शुरुआत में आरोपी नियमित भुगतान करता रहा।

# इंसान को ऊर्जावान बनाते हैं धार्मिक कार्य : कमल

**श्री मां गंगे सावन जोत समिति की बैठक**

- चौथा महोत्सव के पहले दिन निकलने वाली शोभा यात्रा के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के पटेल नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में रविवार को श्री मां गंगे सावन जोत समिति की बैठक प्रधान सुभाष गुलाटी की अध्यक्षता में हनुमान चालीसा के पाठ से शुरू हुई।

### माता की चौकी 22 अगस्त को होगी

बैठक में प्रधान सुभाष गुलाटी ने कहा कि श्री मां गगे सावन जोत का चौथा महोत्सव के पहले दिन बीस अगस्त को सावन जोत समिति की शोभा यात्रा वृंदा एंक्लेव हुडा सेक्टर 13-17 से चलकर पटेल नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बाइस अगस्त को हरिद्वार स्थित चेतन ज्योति आश्रम में शाम को माता की चौकी होगी व तेइस अगस्त को शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो हरकी पौड़ी पर संपंन होगी। जबकि शिक्षाविद् कमल नयन वर्मा ने कहा कि धार्मिक कार्यों में भाग लेने से इंसान का मन उर्जावान होता है।



**पानीपत।** श्री मां गंगे सावन जोत समिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान सुभाष गुलाटी।

### ये रहे बैठक में मौजूद

इधर, बैठक में समाजसेवी धर्मपाल चोपड़ा, सुनील थम्मन, बाबू भाई, महेश नारंग, प्रेम मल्होत्रा, राजू तेल वाला, सुनील चिन्दा राजकुमार पाहवा, सतकरतार आनन्द, यश माटा, प्रेम मल्होत्रा, शिन्टू आहूजा, तरूण चावला, अरूण नन्दवानी, राधेश्याम नासा, ललित मिड्ढा, लक्की चावला, नवीन, विनोद कुकरेजा, देवकी नंदन, हैप्पी बुद्धिराजा, चमन गुलाटी, हीरा लाल, सतीश बाबा, श्याम बाबा, बोबी, सुमित नन्दवानी, अमित नन्दवानी, अशोक कपूर, रविन्द्र नागपाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# एचपीएस ने बरसत रोड पर किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की बरसत रोड पर हरियाणा पत्रकार संघ की ओर से रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष विनोद पांचाल, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, संघ के महासचिव राममेहर कौशिक, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पत्रकार, समाजसेवी ललित मलिक, सोनू शर्मा और संजय रंगा आदि ने पौधे रोपे। वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति की पूजा उपासना सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर की जाती है और अषाड़ तथा सावन में मानो प्रकृति श्रृंगार करती हो ऐसा लगता है। इसलिए इन दोनों महीना में सभी प्रबुद्ध नागरिकों को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए।

### बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा ज्ञापन

**रादौर।** दी यमुनानगर बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने रविवार को थाना प्रभारी रादौर राजेश राणा को ज्ञापन देकर देर शाम कस्बा के ज्वेलर्स पर हमला करके लूटपाट करने वाले नकाबपोश बदमाशो को गिरफ्तार करने की मांग की। इंस्पेक्टर राजेश राणा ने एसोसिएशन के सदस्यों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

एसोसिएसशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला प्रधान सुनील कुमार वैद व ब्लाक प्रधान पवन वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल थाना रादौर पहुंचा। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रादौर थाना प्रभारी राजेश राणा को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीति देर शाम रादौर में शाकुंभरी ज्वेलर्स के मालिक अमित गुप्ता को अज्ञात नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशों ने हमला करके घायल कर दिया और उनसे लाखों की लूटपाट करके फरार हो गए। उन्होंने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और कस्बा में पुलिस की गश्त बढाए जाने की मांग की।

# रोटरी क्लब ने विधवाओं को राशन भेंट किया



**पानीपत।** रोटरी क्लब ऑफ पानीपत मिडटाउन द्वारा रविवार को आयोजित राशन सेवा एवं अन्नकूट सेवा कार्यक्रम के तहत तीन सौ जरूरतमंद विधवा महिलाओं को मासिक राशन भेंट किया। वहीं रोटेरियन अजय अनेजा के आशीर्वाद एवं उदार सहयोग से आयोजित इस जनकल्याणकारी अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक खाद्य सामग्री पहुंचा कर उन्हें संबल प्रदान करना तथा रोटरी के सेवा ही सर्वोपरि संदेश को आगे बढ़ाना है। वहीं, रोटरी क्लब ऑफ पानीपत मिडटाउन के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि क्लब का उद्देश्य भविष्य में भी जरूरतमंद माताओं व बहनों का अधिक से अधिक जनहित व धर्मार्थ करना है। वहीं, राशन में गेहूं का आटा, दाल, चावल आदि खाद्य पदार्थ सेवार्थ भेंट किए गए है। जबकि क्लब के सचिव गुरमीत सिंह दुआ ने बताया कि राशन वितरण कार्यक्रम में आई माताओं व बहनों को क्लब की ओर से जलपान व भोजन भी करवाया गया है।

## न्यूज डायरी

### सड़कों पर लगे हैं अवैध होर्डिंग

**इसराना।** पानीपत के इसराना उपमंडल में अवैध होर्डिंग्स का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। नेशनल हाईवे, मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और लिंक रोडों के किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन होर्डिंग्स के माध्यम से हर महीने लाखों रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

### रग्बी की टीम का चयन

**पानीपत।** पानीपत में आयोजित हरियाणा जूनियर लडकों के रग्बी प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन राष्ट्रीय जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर कोच अमन मलिक, राजेश तक्षक, डीएसपी विकास चहल, उद्यमी नितिन अग्रवाल, उग्राखेड़ी गांव के सरपंच पति, सुधीर मलिक, राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा प्रभारी व पानीपत रग्बी संघ की अध्यक्ष बबीता सिंह, बिन्टू मलिक, ऊषा सैनी, अभिषेक मलिक, अजय मलिक, प्रियंका कटवाल ने खिलाड़ियों एवं टीम अधिकारियों को टीम जर्सी प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### श्री शिव पुराण कथा एक से 9 अगस्त तक

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन की बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मंदिर में श्री शिव पुराण कथा एवं दिव्य सत्संग का आयोजन एक से नौ अगस्त कर करवाया जाएगा। बैठक में सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा यह पावन शिव पुराण कथा में कथा व्यास स्वामी दयानंद सरस्वती जी मुरथल वाले द्वारा शिव महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

**समालखा।** गुरु रविदास मंदिर समालखा में पार्क हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 150 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस ब्रिगेडियर डॉ.यशपाल सिंह, मा.जीवन, संस्था के प्रधान राजेंद्र कुमार, महासचिव रामकिशन बडगुजजर, रामफल कारकोल, राज सिंह, शीला देवी, डा.सुशील कुमार, पाले राम कटारिया, रणधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एसआईआर को गति दें अधिकारी : डीसी

**पानीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य पर जोर देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.हरीश वशिष्ठ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 14 जुलाई से पहले हर हाल में डिजिटाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा होना चाहिए। इसमें देरी की कोई गुंजाइश नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बिश्नोई का पानीपत में स्वागत

**पानीपत।** भाजपा के के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई रविवार को पानीपत में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां कुलदीप के समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और जबकि समाजसेवी सुंदर कवी न अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कुलदीप बिश्नोई को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं, कुलदीप ने जहां स्वागतकर्ताओं का आभार जताया, वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की विकासपरक नीतियों का जनता के बीच बखान किया। जबकि सुंदर कवी ने कहा कि कुलदीप छत्तीस बिरादरी के नेता है।

### समस्याओं का समय पर समाधान प्राथमिकता

**रादौर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जनता का समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने रविवार को रादौर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा कर दिया। जबकि शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें समस्याओं का समय पर निराकरण करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने समय पर समस्याओं का समाधान करने में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जनता की सेवा ही सरकार का मुख्य ध्येय है। हमारी वर्तमान भाजपा हरियाणा सरकार जनता की अपनी सरकार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हम पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। रादौर विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या मेरी अपनी समस्या है और इसके समाधान के लिए अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ काम करें।

**श्री शिव श्याम मंदिर का चौथा स्थापना दिवस समारोह आयोजित**

# कलयुग के भगवान हैं श्री श्याम बाबा : महीपाल

- अतिथियों ने मंदिर में श्री खाटू श्याम ध्वज अर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नूरवाला क्षेत्र की मोतीराम कॉलोनी स्थित श्री शिव श्याम मंदिर का चौथा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा एवं हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन लिमिटेड के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल मुख्य अतिथि रहें।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद वार्ड तेरह की पार्षद शिखा पांचाल, वार्ड छह की नगर निगम की पार्षद कोमल पांचाल, पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, हरि नगर धर्मशाला के प्रधान कप्तान पांचाल, वरिष्ठ मोहन लाल व सुशील पांचाल राजौंद सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता समिति के चेयरमैन विनोद पांचाल ने की। सभी अतिथियों ने मंदिर में श्री खाटू श्याम ध्वज अर्पित किया व श्री श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडित दीपक पांड़े ने पूजा अर्चना कराई। श्री शिव श्याम सेवा समिति के प्रधान इसम पांचाल, महासचिव रविंद्र पांचाल एवं कोषाध्यक्ष विजेंद्र पांचाल, जोगिन्द्र रोहिला, अंकित प्रजापति व बिल्लू सैन ने अतिथियों का पगड़ी व पटका पहनाकर व स्मृति भेंट कर सम्मानित किया। वहीं समारोह के दौरान श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल का जन्मदिन भी मंच पर मनाया गया। जबकि टीवी कलाकार मनोज पांचाल एंड पार्टी एवं राजमल पांचाल की पार्टी ने श्याम बाबा का गुणगान किया। दूसरी ओर, मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि श्री श्याम बाबा की भक्ति कलयुग में अति उत्तम मानी गई है। हर इंसान को अपने धर्म एवं संस्कृति का पालन करते हुए उसे बढावा देना चाहिए। जबकि वहीं चेयरमैन देवेंद्र पांचाल ने कहा कि हर इंसान को जीवन में अपने धर्म की शिक्षाओं का पालन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं, समारोह के समापन पर विशाल भंड़ारा लगाया गया।



**पानीपत।** श्री शिव श्याम मंदिर सभा अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान समाजसेवी।

### दीनबंधु सर छोटूराम भवन के प्रधान बने जयभगवान

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना स्थित दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम किसान भवन में रविवार को हुई विभिन्न गांवों के लोगों की बैठक में सर्वसम्मति से फौजी जयभगवान जागलान को तीन साल के लिए भवन प्रबंधन समिति का प्रधान घोषित किया गया। बैठक की अध्यक्षता भीम सिंह मांडी ने की व संचालन निवर्तमान प्रधान देवेन्द्र जागलान ने किया। भाजपा नेत्री सुमित्रा जागलान की देखरेख में हुई बैठक में दो दर्जन गांवों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं, बैठक में सरपंच राजेश जागलान, चौबीसी प्रधान तेजवीर जागलान, हरिचंद मलिक, देवेंद्र जागलान, मांडी बाहरा प्रधान सुल्तान सिंह, घनघण खाप जिला प्रधान नरेश धनघस, दयाराम कोच, जिला पार्षद संदीप जागलान, राजेंद्र जागलान, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अध्यापक पात्रता परीक्षा संपन्न

**अंबाला।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-2 व 1 के तहत रविवार को अंबाला शहर व अंबाला छावनी के 20 परीक्षा केन्द्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जोकि नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा के दृष्टिगत जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षा के तहत लेवल-2 के तहत प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई जिनमें 6141 परीक्षार्थी में से 4788 परीक्षा देने के लिए पहुंचे थे। इसी प्रकार लेवल-1 के तहत परीक्षा का आयोजन दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक किया गया। इस परीक्षा के लिए 1964 परीक्षार्थी में से 1378 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आए।

### जिला निगरानी समिति की मीटिंग 7 को

**अंबाला।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 7 जुलाई को प्रातः 10 बजे पंचायत भवन शहर में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि दिशा कमेटी की बैठक लोकसभा सांसद एवं दिशा कमेटी के अध्यक्ष वरूण चौधरी, राज्यसभा सांसद एवं सह अध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में होगी। मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही मीटिंग का एजेंडा भी तय हो गया है।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 को

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में होगी। इस मीटिंग में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अन्त्योदय (एसईडब्लयूए) सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में होगी। गर्ग ने बताया कि मीटिंग में रखी जाने वाली शिकायतें तय हो गई हैं। साथ ही पुरानी शिकायतों पर लंबित कार्रवाई भी पूरी हो गई है।

### दीवार फांदकर रिहायशी भवन में चोरी

**नारायणगढ़।** छोटी रसौर गांव में को तीन नकाबपोश चोरों ने एक घर की दीवार फांदकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय परिवार के सदस्य बरामदे में सो रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सौरभ सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 जुलाई की रात को वह अपनी पत्नी सुमीता रानी, छोटी बहन अनु रानी और माता शकुंतला देवी के साथ खाना खाकर घर के बरामदे में सो गया था। देर रात करीब 12:40 बजे वह नाहन मंडी में अपने काम के लिए घर से निकल गया। उसके जाने के महज आधे घंटे बाद रात करीब 1:10 बजे तीन पैदल आए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस की मानें तो मामले में आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा। करीब 1:10 बजे तीन पैदल आए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

## प्रदेश में राष्ट्रीय पक्षी के लिए एक भी पुनर्वास केंद्र नहीं

# शर्मनाक : कुत्तों का शिकार बन रहे मोर क्षेत्र में विलुप्त होने के कगार पर प्रजाति

निशांत शर्मा ▶▶ बराड़ा

बड़े शर्म की बात है कि एक राष्ट्रीय पक्षी होकर भी क्षेत्र में मोर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। दशक भर पहले जहां क्षेत्र में सैंकड़ों मोर देखने को मिल जाते थे अब मात्र मुट्ठी भर रह गए हैं। मगर दुखद ये है कि पूरे प्रदेश में इनके लिए एक भी पुनर्वास केंद्र नहीं बना है। बता दें कि अंबाला के आसपास कोई भी खास बर्ड सेंटर नहीं है। सिर्फ पंचकूला में ही बर्ड सुरक्षा केंद्र है जिसमें सभी 2500 पक्षियों को रखा जाता है। और इनका उपचार भी किया जाता है। यहां इनके लिए करीब 6500 घोंसले बने हुए हैं। यह एक 6 मंजिला भवन है।

**देखरेख न होने की वजह से अब मुट्ठी भर बचें हैं राष्ट्रीय पक्षी।**

### झाबुआ-महेंद्रगढ़ में है प्रजनन केंद्र

प्रदेश में मात्र झाबुआ और महेंद्रगढ़ में ही मोरों के लिए प्रजनन केंद्र स्थापित है। इन जगहों पर ही इनका इलाज भी होता है। इसके अलावा राष्ट्रीय पक्षी के लिए कोई खास सुरक्षा इंतजाम नहीं है। यहां सिंबला हनुमान मंदिर के समीप दर्जनों मोर जंगली कुत्तों से अपनी जान बचाते घूमते हैं।

धीरे धीरे इनकी संख्या भी कम हो रही है। लोगों का कहना है कि राज्य सरकार जिला स्तर पर इनके लिए पुनर्वास केंद्र स्थापित करके इस प्रजाति को विलुप्त होने से बचाए।

इस मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई मोर घायल दिखाई पड़े तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें या डायल 1926 या 1962 पर सूचित करे।



बराड़ा। राष्ट्रीय पक्षी मोर की सुंदर तस्वीर। फोटो : हरिभूमि

### कुत्ते कर रहे शिकार

राष्ट्रीय पक्षी मोर का सबसे ज्यादा शिकार कुत्ते कर रहे हैं। जिस क्षेत्र में मोरों की संख्या ज्यादा था अब वहां कुत्तों का बसेरा है। पहले कुछ लोग भी मोर का शिकार करते थे। मगर राष्ट्रीय पक्षी होने की वजह से अब इंसान तो कम लेकिन कुत्ते ज्यादा इनका शिकार कर रहे हैं। अक्सर खेत खलिहान में कुत्तों को मोरों के पीछे दौड़ते देखा जा सकता है। वन विभाग की ओर से मोरों के शिकार को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है। न ही इनके पास मोर के उपचार का कोई साधन है। इसी वजह से अब मोर यहां विलुप्त होने के कगार पर है।

### फलों के बाग खत्म होने का भी असर

क्षेत्र में फलों के बाग भी निरंतर कट रहे हैं। अब यहां नाममात्र के बाग बचे हैं। इसका असर भी मोरों की प्रजाति पर पड़ रहा है। पहले यहां आम,जामुन, अमरुद के फलों के बाग होते थे। इन बागों में अक्सर मोर दिखाई देते थे। खेत खलिहानों में भी इनकी अच्छी संख्या देखती जाती थी। मगर बागों के साथ खेल खलिहान में पेस्टीसाइड के अंधाधुंध इस्तेमाल का असर मोरों की संख्या भी भी दिख रहा है। इसी वजह से मोर यहां दिखाई देने बंद हो गए हैं। काफी समय में मोर पेस्टीसाइड के असर से मौत का शिकार हो गए हैं।

## बुजुर्ग महिला से गन पॉइंट पर लूट के दो आरोपित गिरफ्तार

- मुख्य आरोपियों को सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

करनाल कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर, हथियार के बल पर गहने लूटने की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले दो मुख्य आरोपियों को सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उधम सिंह उर्फ कपिल कुमार निवासी गांव सिरसा, थाना मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश और ऋतिक निवासी गांव दंगड़ोली, थाना नागल, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 28 मई 2026 को करनाल कॉलोनी में तीन नकाबपोश बदमाशों ने मुख्य दरवाजे की कुंडी खोलकर एक घर में प्रवेश किया था। घर में मौजूद बुजुर्ग महिला के हाथ-पैर और गला दबाकर आरोपियों ने हथियार के बल पर उनके गहने लूट लिए थे। इस दौरान विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें भी आईं। शोर शराबा सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी पिस्तौल तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।




### जांच जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए टीम को जांच सौंपी गई थी। बीते 3 जून को सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने मुठभेड़ के दौरान इन आरोपियों को काबू किया था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए अवैध हथियार और बाइक को बरामद कर लिया था। मामले की कार्रवाई करते उप-निरीक्षक जरनैल सिंह के नेतृत्व में जांच टीम ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है ताकि वारदात के दौरान लूटे गए गहने बरामद किए जा सकें। इसके अलावा वारदात में संलिप्त अन्य आरोपी के बारे में जानकारी जुटाकर उसे भी जल्द से जल्द काबू किया जा सके। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए दोनों आरोपी बेहद शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनके खिलाफ उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद जिलों के विभिन्न थानों में पहले भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक कनेक्शनों की भी बारीकी से जांच कर रही है।

## रूमाल भी केंद्र के बाहर छोड़ना पड़ा

- 20 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई एचटेट की लेवल-2 व 1 परीक्षा, पुलिस के जवानों ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिले में रविवार को 20 केंद्रों पर आयोजित एचटेट की लेवल- 2 व 1 परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन रखने के लिए महिला परीक्षार्थियों के रबड़ बैंड, कुंडल, हाथों के बैंड तक उतरवा लिए गए। यहां तक कि जो परीक्षार्थी रूमाल लाए थे उन्हें भी रूमाल केंद्र के बाहर की छोड़ना पड़ा। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही सुरक्षा घेरा काफी सख्त रहा और सभी वाहनों सहित आमजन व अभिभावकों को परीक्षा केंद्र की परिधि से दूर रखा गया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की ओर से दो स्तरीय जांच की गई। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने केंद्रों के बाहर व मुख्य गेट पर कमान संभाली हुई थी। वहीं परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों ने परीक्षार्थियों के दस्तावेजों और उनके साथ लाए गए सामान की बारीकी से जांच की। सुरक्षा इतनी कड़ी थी कि प्रवेश द्वार पर ही परीक्षार्थियों के पास मौजूद किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को बाहर ही रखवा दिया गया।

### स्कूलों में लगाए थे जैमर

सुरक्षा के लिहाज से महिला परीक्षार्थियों को भी गहन जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। चेकिंग के दौरान महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। उनके लिए दो छोटी कनोपी लगाई गई थीं। यहां महिला परीक्षार्थियों के रबड़ बैंड, कान की बालियां, चूड़ियां, कड़े और रुमाल तक उतरवा दिए गए। केंद्रों के अंदर प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर से हर परीक्षार्थी की जांच की गई, ताकि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या नकल सामग्री की गुंजाइश न रहे। हालांकि इसके लिए स्कूलों में पहले ही जैमर लगा दिए गए थे।

## बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर

- कांग्रेस की समीक्षा बैठक में कई पहलुओं पर हुई विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने मासिक समीक्षा बैठकों की शुरुआत कर दी है। रविवार को शहजादपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान और संगठनात्मक संवाद के लिए ये बैठकें शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस हाईकमान के निर्देशानुसार संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएंगी जबकि निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह नए और सक्रिय लोगों को अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाईचारे, सद्भाव और विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता को कहीं भी नजायज रूप से कोई प्रशासनिक अधिकारी तंग करेगा तो पूरा संगठन उसके साथ खड़ा होगा। ब्लॉक अध्यक्ष दीपक ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।




शहजादपुर। मीटिंग में मौजूद कांग्रेस। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान नारायणगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत लालपुर , अंबाला वन से ब्लॉक अध्यक्ष राकेश महला ,टोनी गुर्जर , विजेंदर सिंह , प्रवीण , पंकज शर्मा , राजन शर्मा ,निखिल गुप्ता बीएलए टू, रोबिन गुप्ता , प्रवीण बीएलए टू ,महेश , राकेश धीमान , निरंजन सरदार , दर्शन सैणी , ओमपाल, राजपाल गुर्जर , शिवकुमार , अमित राणा , जॉनी राणा , गौरव राणा, सुभाष राणा, तरसेम, विनोद राणा , सतपाल पूर्व सरपंच सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो बाइक सवारों से 10.23 ग्राम हेरोइन बरामद

- गांव कालपी क्षेत्र से घेराबंदी कर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

'नशा मुक्त अभियान' को एक और बड़ी सफलता मिली है। मुलाना पुलिस की टीम ने मुस्तैदी और मजबूत सूचना तंत्र के बल पर बाइक सवार दो शातिर नशा तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जांच टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में नशे की तस्करी की जा रही है।

पुलिस टीम ने तुरंत जाल बिछाते हुए गांव कालपी क्षेत्र से घेराबंदी कर दो संदिग्धों को काबू किया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 10.23 ग्राम नशीला पदार्थ (हेरोइन) बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरदेव सिंह निवासी गांव सरदेहड़ी तथा अमित कुमार निवासी जफरपुर के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना मुलाना में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से अदालत ने उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।



अंबाला। नशा तस्करी में काबू आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### पूरी तरह सक्रिय

रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह नशा कहां से लाते थे। आगे किसे सप्लाई करने वाले थे। पुलिस का मुख्य उद्देश्य इस अवैध धंधे में संलिप्त अन्य चेहरों को बेनकाब कर नशे के पूरे नेटवर्क (सप्लाई चेन) को ध्वस्त करना है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने साफ किया है कि जिले में नशा तस्करों के लिए कोई जगह नहीं है। अंबाला पुलिस का गुप्त सूचना तंत्र पूरी तरह सक्रिय है और पैनी नजर रख रहा है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भी व्यक्ति नशा बेचता या तस्करी करता दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 9729990112 पर पुलिस को दें।

## दो गुट भिड़े, आधा दर्जन पर केस

- लोहे की रॉड और कस्सी से हमले का आरोप, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव बिंजलपुर में पैतृक मकान और जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लोहे की रॉड, डंडों और कस्सी से हमला कर दिया, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिंजलपुर के अतुल ने बताया कि उसके पड़ोस में अजय कुमार उसका बेटा सिद्धार्थ चौहान व पंकज, अभिषेक आदि रहते हैं। ये सभी एक ही परिवार के लोग हैं। उन्होंने बताया कि इन सबका अपनी पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। देर शाम को करीब साढ़े 4 बजे दोनों परिवारों के रिश्तेदार आए हुए थे। वे अजय कुमार के घर पर बैठे थे। इसी दौरान अनिल कुमार, पंकज, अश्वनी, अभिषेक, कमलेश और सीमा कथित रूप से लोहे की रॉड, डंडे और कस्सी लेकर घर में घुस गए। हमलावरों ने अजय कुमार तथा उनके बेटे सिद्धार्थ चौहान पर हमला कर दिया।

### शिकायत के आधार पर मामला दर्ज

शिकायत के अनुसार, पंकज ने लोहे की रॉड से सिद्धार्थ के सिर पर वार किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद कमलेश ने ईंट से उसके चेहरे पर हमला किया। अभिषेक ने कस्सी के पिछले हिस्से से अजय कुमार के मुंह पर वार किया जिससे उनके दांत टूट गए और काफी खून बहने लगा। आरोप है कि अन्य आरोपियों ने भी दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की तथा जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घायलों को ग्रामीणों की मदद से एमएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु की।

## आरोपी जिप सदस्य ने की थी रेकी, रिमांड के दौरान आरोपी को पुलिस ले गई पंजाब व यूपी

- आरोपी की कार से भी हथियार किए जाएंगे जब्त

**नारायणगढ़।** बसपा नेता हरबिलास हत्याकांड मामले में रेकी करने के आरोप में पकड़े गए जिला परिषद के वार्ड नंबर पांच के सदस्य रजत उर्फ जंटी ने रिमांड के दौरान कई पहलुओं का खुलासा किया है। सीआईए-1 की टीमें आरोपी को साथ लेकर यूपी व पंजाब के खन्ना स्थित ठिकानों पर दबिश दे रही है ताकि वारदात में शामिल अन्य साजिशकर्ता तक पहुंचा जा सके। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदार के घर भी पुलिस दबिश दे रही है जो रजत उर्फ जंटी को वेंकट गर्ग के बीच जोड़ने की मुख्य कड़ी है। आरोपी से आई-20 कार व हथियार भी बरामद करने हैं। बता दें कि इस मामले में अभी 3 से चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है। 24 जनवरी को हरबिलास की गोलियों से भूनकर हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस अभी तक 23 की गिरफ्तारी कर चुकी है और एक शूटर सागर एनकाउंटर में ढेर हो चुका है। हाल ही में पुलिस ने पुख्ता सबूतों के आधार पर हरबिलास की हत्या में अहम भूमिका निभाने वाले जिप सदस्य रजत सिंह जंटी को गिरफ्तार किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** — अंबाला रोटरी क्लब ने लगाया शिविर, सभी रक्तदाताओं को किया सम्मानित

# रक्तदान सबसे महान मानवीय सेवाओं में से एक, एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक

- अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत अभियान से जोड़ने का प्रयास करेगा रोटरी क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

रोटरी के आदर्श वाक्य सेवा ही सर्वोपरि को साकार करते हुए रोटरी क्लब अंबाला हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (अंबाला चैप्टर) तथा डॉ. जय देव मेमोरियल रोटरी अंबाला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रोटरी क्लब अंबाला के अध्यक्ष डॉ. विवेक मल्होत्रा ने कहा कि रक्तदान सबसे महान मानवीय सेवाओं में से एक है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। क्लब के सचिव डॉ. आरआर सूरी ने कहा कि रोटरी क्लब अंबाला समाजहित के ऐसे सेवा प्रकल्पों को निरंतर आयोजित करता रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत अभियान से जोड़ने का प्रयास करेगा।



अंबाला। शिविर में रक्तदान करते लोग। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नियमित रक्तदान का संकल्प लिया तथा समाज में अधिक से अधिक लोगों को इस जीवनदायी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। रोटरी क्लब अंबाला ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी सेवा प्रकल्पों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। "रक्तदान – महादान। आपका एक छोटा-सा प्रयास किसी के जीवन में नई आशा और नया जीवन ला सकता है।

### योगदान के लिए आभार व्यक्त किया

रक्तदान शिविर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अशावंत ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि वे वर्षों से नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं और अनेक बार स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं। उपस्थित सभी लोगों ने उनके इस समर्पण एवं सेवा भावना की सराहना की। शिविर के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अशावंत तथा रोटेरियन एडी गांधी, सुरेंद्र गोयल, सुनील अग्रवाल, विजय गुप्ता, आरके शर्मा, पवन सेठी, डॉ. केके जैन, नीरज बंसल एवं विशाल जैन ने सभी रक्तदाताओं को स्मृति-चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके इस प्रेरणादायी योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से अश्विनी गोयल, तथा समीर जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। इसके साथ ही डॉ. जय देव मेमोरियल रोटरी अंबाला अस्पताल की चिकित्सकीय टीम, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।